THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

**REVISION WORKSHEET** **20/12/2023**

खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**1**. नीचे दिए गए गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **1X5=5**

डर अथवा भय ऐसी चीज़ है जिसके लाभ तो अवश्य हैं,पर हानि भी कम नहीं है। यदि मनुष्य के मन में भय न हो तो वह आग में हाथ डालकर अपने को जला लेता। साथ ही वह बुरा से बुरा काम करने में भी नहीं हिचकता। अक्सर हम देखते हैं कि इसी डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम भी नहीं कर पाते। उन्हें सदा यही डर लगा रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे। यदि देखा जाए तो हर काम के बारे में हमेशा दो राय रहती है। कुछ लोग उसे ठीक समझते हैं और कुछ गलत। फिर सही और गलत का फ़ैसला कैसे हो? रूढ़ीवादी लोग पुरानी परिपाटी पर चलना उचित समझते हैं लेकिन ऐसा करने से विकास का रास्ता रुक जाता है। कहा भी जाता है कि सपूत अपनी राह स्वयं बनाते हैं। हर मनुष्य यही चाहता है कि वह बिना किसी कठिनाई के सुरक्षित जीवन जिए। जब भूचाल या अन्य कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो हम देखते हैं कि कुछ लोग चमत्कारिक रूप से बच जाते हैं। यह बचाने वाली कोई अदृश्य शक्ति है जो हर किसी के साथ कहीं न कहीं विद्यमान है, उसके रहते डरने की जरूरत नहीं है।

(i) डर के कारण बहुत से लोग ठीक काम क्यों नहीं कर पाते?

(क) उन्हें यह डर रहता है कि कोई उनके काम को बुरा न कह दे। (ख) उन्हें पीटे जाने का भय रहता है।

(ग) अगर डर न हो तो लोग बुरा काम करने से नहीं हिचकेंगे। (घ) सोच-विचारकर काम करने से ज्यादा फ़ायदे हैं।

(ii) पुरानी परिपाटी पर चलने से क्या होता है?

(क) लोग रूढ़ीवादी कहलाते हैं। (ख) विकास का रास्ता रुक जाता है।

(ग) लोग सुरक्षित जीवन जीते हैं। (घ) डर नहीं लगता है।

(iii) भूचाल में कोई व्यक्ति किस प्रकार बच जाता है?

(क) उसे बचने का तरीका आता है। (ख) कोई अदृश्य शक्ति उसे बचाती है।

(ग) भगवान का नाम स्मरण करता रहता है। (घ) वह जादू जानता है।

(iv) डर अथवा भय के क्या लाभ हैं?

(क) वह बुरा काम नहीं करता है। (ख) उसे पारितोषिक मिलता है।

(ग) नए नए अविष्कार करता है। (घ) समाज में प्रतिष्ठा पाता है।

(v) कौन अपनी राह स्वयं बनाता है?

(क) डरपोक व्यक्ति (ख) साहसी व्यक्ति

(ग) आलसी व्यक्ति (घ) सपूत

**2.** नीचे दिए गए गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **1X5=5**

मैं नवीं कक्षा में पढता हूँ। देशभक्ति और क्रांति के प्रसंग सुनता हूँ तो कुछ करने का मन होता है। क्या करूँ ? अध्यापक ने प्रश्न सुना तो मुस्कराए। बोले-तुम्हारे मन के भाव बहुत ऊँचे हैं बेटा। इन्हें बनाए रखना। इस उम्र में बहुत बच्चों के मन में ऐसे भाव आते हैं। बाद में पता नहीं क्या होता है ? जब देश के लिए संकट सहने पड़ते हैं तो यह भाव मर जाता है। कुछ लोग लोभ-लालच में आकर यह उच्च भाव खो बैठते हैं। तुम्हारे सामने इस समय न कोई भय है, न लालच। इसलिए यह भाव बहुत लहरें ले रहा है। जिस दिन तुम्हें

पता चलेगा कि जिस अन्न-जल पर तुम पल रहे हो, उसमें भ्रष्टाचार की मिलावट है। तुम्हें ऐसे अन्न से बचना चाहिए। तब संकट खड़ा होगा। तब देखा जाएगा कि तुम देश के लिए कितनी कुरबानी देते हो। क्या तुम घर में पल रहे भ्रष्टाचार से जूझते हो या उसी दल-दल में बह जाते हो। प्रहलाद को जानते हो ना ! उसे अपने पिता के अहंकार से जूझना पड़ा था। ईश्वर तुम्हें यशस्वी बनाएँ।

(i) बच्चे के मन में कौन-से भाव आते हैं ?
(क) कुछ काम (ख़) मनमानी करने का भाव (ग) देश हित बलिदान (घ) देश के लिए कुछ काम
(ii) अध्यापक क्यों मुस्कराए ?
(क) बच्चे की झूठी बातों पर (ख) बच्चे के पवित्र भावों पर (ग) बच्चे की भोली बातों पर (घ) बच्चे की नेतागिरी पर
(iii) बड़े होने पर पवित्र भाव मर क्यों जाते हैं ?
(क) भय के कारण (ख) लोभ-लालच के कारण (ग) क और ख (घ) सयानेपन के कारण
(iv) संकट क्यों खड़ा होता है ?
(क) जब पवित्र भाव मर जाते हैं (ख) जब अपने भ्रष्टाचार से जूझना पड़ता है
(ग) जब अन्न-जल त्यागना पड़ता है (घ) जब अपने लोग पराये बन जाते हैं
(v) प्रहलाद के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा क्या थी ?
(क) पिता का भ्रष्टाचार (ख) पिता की उपेक्षा (ग) पिता का अहंकार (घ) पिता का दुलार

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए – **1X4=4**
(i) शब्द किसे कहते हैं ?
(क) अक्षरों के समूह को (ख) वर्णों के मेल को (ग) वर्णों के सार्थक समूह को (घ) वाक्य में प्रयुक्त अक्षर को
(ii) पद किसे कहते हैं ?
(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को (ख) वाक्य के अंग को (ग) मुहावरे को (घ) सार्थक वर्ण-समूह को
(iii) शब्द कब पद बनता है ?
(क) जब उसमें अर्थ आता है (ख) जब विभक्ति लगती है (ग) जब वाक्य में प्रयुक्त होता है (घ) जब वह स्वतंत्र होता है
(iv) शब्द कहाँ प्राप्त होता है ?
(क) वर्णों के समूह में (ख) वाक्यों में (ग) शब्दकोश में (घ) पुस्तकों में
(v) भाषा की लघुतम स्वतंत्र इकाई को _________ कहते हैं।
(क) शब्द (ख) पद (ग) वर्ण (घ) वाक्य

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए – **1X4=4**
(i) अनुस्वार युक्त कौन सा शब्द सही है ?
(क) चंचल (ख) चचंल (ग) चँचल (घ) चन्चल
(ii) अनुस्वार युक्त कौन सा शब्द सही है ?
(क) कँपंन (ख) कंपँन (ग) कपंन (घ) कंपन
(iii) सही विकल्प छाँटिए – 'अनुनासिक' का शाब्दिक अर्थ है –
(क) सवर के साथ-साथ (ख) नासिक ध्वनि के पीछे-पीछे
(ग) स्वर और नासिक ध्वनि के साथ-साथ (घ) स्वर और व्यंजनों के साथ-साथ
(iv) नीचे दिए गए रिक्त स्थान में अनुनासिक को ध्यान में रखते हुए सही शब्द छाँटकर लिखिए :
रोता हुआ बच्चा खिलौने को देखकर _________ लगा।
(क) हँसँने (ख) हँसने (ग) हसनें (घ) हंसनें
(v) नीचे दिए शब्दों में से सही अदर्धचंद्राकार शब्द छाँटकर लिखिए :
(क) कॉलम (ख) गडॅ (ग) कटॅन
**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए **-** **1X4=4**
(i) 'अभिजात' में उपसर्ग है –
(क) अ (ख) अभि (ग) अभी
(ii) 'संस्कृति' में उपसर्ग है –
(क) सन् (ख) सम (ग) सम्
(iii) 'दुर्भाग्य' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द है-
(क) दूर + भाग्य (ख) दुर् + भाग्य (ग) दुर +भाग्य
(iv) 'आई' प्रत्यय किस शब्द में है ?
(क) पौराणिक (ख) बढ़ई (ग) पिटाई

(v) 'ऊ' प्रत्यय किस शब्द में है ?
(क) बाजारू (ख) दुहरा (ग) मज़दूरी

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **1X4=4**

(i) यदि तुम जाओगे, तो मैं जाऊँगी। (निषेधवाचक में बदलें)
(क) यदि तुम जाओगे, तो मैं नहीं जाऊँगी।
(ख) यदि तुम नहीं जाओगे, तो मैं जाऊँगी।
(ग) यदि तुम जाओगे, तो मैं नहीं जाऊँगी।
(घ) यदि तुम नहीं जाओगे, तो मैं भी नहीं जाऊँगी।

(ii) ' जिन वाक्यों में संदेह / संभावना का बोध होता है ' यहाँ अर्थ की दृष्टि से कौन सा वाक्य भेद होता है -
(क) संदेह वाचक वाक्य (ख) संकेत वाचक वाक्य (ग) इच्छा वाचक वाक्य (घ) विस्मयादिबोधक वाक्य

(iii) ' तुम अच्छे अंक से पास हो गए। ' इस वाक्य को प्रश्न वाचक वाक्य में बदलिए -
(क) क्या तुम अच्छे अंक से पास हो गए। (ख) क्या तुम अच्छे अंक से पास हो गए ?
(ग) अरे ! तुम अच्छे अंक से पास हो गए। (घ) तुम अच्छे अंक से पास नहीं हुए।

(iv) ' श्री लंका भारत की दक्षिण दिशा में स्थित है। ' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा वाक्य भेद है **?**
(क) विधान वाचक वाक्य (ख) संदेह वाचक वाक्य (ग) प्रश्न वाचक वाक्य (घ) आज्ञा वाचक वाक्य

(v**)** ' आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं। 'इस वाक्य को विस्मयादि वाचक वाक्य में कैसे लिखा जाएगा -
(क) आपके पुस्तकालय में कई भी अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास नहीं हैं।
(ख) क्या आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं ?
(ग) अरे वाह ! आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं।
(घ) शायद आपके पुस्तकालय में बहुत ही अद्भुत पुस्तकें और उपन्यास हैं।

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **1X5=5**

**रहिमन निज मन की बिथा, मन ही राखो गोय।**
**सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहै कोय॥**

(i) दुःख को मन में न छुपाने से क्या हो सकता है ?
(क) लोग सुनकर हँसी उड़ाएँगे (ख) दुःख को सुनकर उसे बाँटेंगे नहीं
(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'गोय' शब्द का अर्थ है –
(क) गाना (ख) मज़ाक उड़ाना (ग) जाना (घ) छिपाकर रखना

(iii) लोगों को बताने से क्या होगा ?
(क) लोग रोएँगे, दुख मनाएँगे (ख) लोग दिलासा देंगे, दया दिखाएँगे
(ग) लोग हँसेंगे, मज़ाक उड़ाएँगे (घ) लोग सोचेंगे, दिलासा देंगे

(iv) '**रहिमन निज मन की बिथा**' का आशय है -
(क) अपने मानसिक कष्ट (ख) अपने अध्यात्मिक कष्ट
(ग) अपने शारीरिक कष्ट (घ) अपने सभी कष्ट

(v) दुःख की स्थिति में क्या करने की सलाह दी है ?
(क) अपने पड़ोसियों को बताने की (ख) अपने मित्रों को बताने की
(ग) सगे-संबंधियों को बताने की (घ) दुःख को किसी से भी न बताने की

**8.** स्पर्श **-1** पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए- **1X2=2**

**(i)** रैदास के अनुसार कौन-कौन से वे लोग हैं**,** जिनका उद्धार प्रभु ने किया है **?**
(क) नामदेव, रामदेव, पितामह (ख) नामदेव, कबीर

(ग) कबीर, रहीम, तुलसी (घ) सधना, त्रिलोचन, रैदास

**(ii)** रहीम ने पंक जल को धन्य क्यों कहा है ?
(क) इस जल से जीवों कि प्यास बुझती है (ख) यह जल पीने के योग्य होता है
(ग) पंक जल मीठा होता है (घ) उपर्युक्त सभी

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **1X5=5**

हिमपात अपने आपमें एक तरह से बर्फ़ के खंडों का अव्यवस्थित ढंग से गिरना ही था I हमें बताया गया कि ग्लेशियर के बहने से अक्सर बर्फ़ में हलचल हो जाती थी, जिससे बड़ी-बड़ी बर्फ़ की चट्टानें तत्काल गिर जाया करती थीं और अन्य कारणों से भी अचानक प्रायः खतरनाक स्थिति धारण कर लेती थीं I सीधे धरातल पर दरार पड़ने का विचार और इस दरार का गहरे-चौड़े हिम-विदर में बदल जाने का मात्र खयाल ही बहुत डरावना था I इससे भी ज़्यादा भयानक इस बात की जानकारी थी कि हमारे संपूर्ण प्रवास के दौरान हिमपास लगभग एक दर्जन आरोहियों और कुलियों को प्रतिदिन छूता रहेगा I

(i) 'हिमपात' किसे कहते हैं I
(क) बर्फ के गिरने को (ख) अव्यवस्थित रूप से बर्फ़ के गिरने को
(ग) बर्फ़ की नदी को (घ) हिम-नदी के व्यवस्थित प्रवाह को
(ii) ग्लेशियर किसे कहते हैं ?
(क) बर्फ़ के पहाड़ को (ख) बर्फ़ की नदी को
(ग) बर्फ़ के पिघलने से बनी नदी को (घ) बर्फीली चोटियों को
(iii) बर्फ़ की बड़ी-बड़ी चट्टानें क्यों गिर जाया करती हैं ?
(क) ग्लाशिर के कारण (ख) तूफानी हलचल के कारण
(ग) ग्लेशियर के बहने के कारण (घ) भूकंप के कारण
(iv) लेखिका को कौन-सा विचार डरावना प्रतीत हुआ ?
(क) हिमपात से दब कर मर जाने का (ख) बर्फ़ की चट्टानों के गिरने का
(ग) हिम-खंड की दरार बनने का (घ) बर्फ़ की गुफा में फँस जाने का
(v) हिमालय की चढ़ाई के दौरान आरोहियों को किन खतरों से जूझना पड़ता है ?
(क) बर्फ़ की पहाड़ियों के टूटकर गिरने के (ख) पहाड़ से नीचे गिरने के
(ग) हिमपात के (घ) ग्लेशियर में गिरने के

**10.** स्पर्श **-1** गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के विकल्प को चुनकर लिखिए- **1X2=2**

(i) 'एवरेस्ट : मेरी शिखर यात्रा' पाठ में लेखिका किसके प्रति आकर्षित थी और क्यों ?
(क) लेखिका एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी क्योंकि वहाँ जाना उसका सपना था
(ख) लेखिका पर्वत के प्रति आकर्षित थी क्योंकि बर्फ़ीले क्षेत्र उसे पसंद थे
(ग) लेखिका सैर-सपाटे के प्रति आकर्षित थी क्योंकि ऐसे में मित्रों से भेंट हो जाती थी
(घ) लेखिका एवरेस्ट के प्रति आकर्षित थी क्योंकि वहाँ उसे घर बनाना था

**(ii) अतिथी का देवत्त्व किस प्रकार सुरक्षित रह सकेगा ?**

(क) जब वह अपने मेजबान को प्रसन्न करे (ख) जब वह देवता की तरह दर्शन दे कर लौट जाए

(ग) जब वह भी मेजबान को अपने घर बुलाए (घ) जब वह मेजबान की सहायता कर

**11. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए- 3x3=9**

(i) बुढ़िया के किस काम को अन्य लोग अपराध बता रहे थे व क्यों ? 'दुःख का आधिकार' पाठ के आधार पर लिखिए I
(ii) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए ?
(iii) एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कुल कितने कैंप बनाए गए ? उनका वर्णन कीजिए I

**12. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए- 3x3=9**

(i) 'मोती, मानुष, चून' के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए I
(ii) जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि I (भाव स्पष्ट कीजिए)
(iii) जीवन का मार्ग कैसा है और हमें क्या करना चाहिए

**13. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए- 3x2=6**

(i) कहानी 'स्मृति' में लेखक अपने मनोरंजन के लिए पूरी टोली के साथ कुएँ में पत्थर फेंक कर साँप कि फुँकार पर ठहाके लगता I उसे यह कार्य करने में आनंद आता था यह उसका रोज का कार्य बन चुका था I आपके अनुसार लेखक का यह व्यवहार क्या उचित था ? जीव संरक्षणकि भावना को ध्यान में रखते हुए आप लेखक को कैसे समझाते कि वह अपनी यह आदत छोड़ दें ?
(ii) साँप का ध्यान बाँटने के लिए लेखक ने क्या-क्या युक्तियाँ अपनाई ?

लेखन

14. निम्नलिखित विषयों के बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में से किन्ही एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

(i) जीवन संघर्ष है, स्वप्न नहीं

**संकेत बिंदु** * जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम हैं। * जीवन गतिशील एवं बाधाओं से पूर्ण हैं।

(ii) मातृभाषा के प्रति घाटती अभिरुचि

**संकेत बिंदु** - * मातृभाषा - शिक्षा का उपयुक्त माध्यम * पाठकों का घटती रुचि और अंग्रेजी * मातृभाषा के प्रति रुझान कैसे

(iii) हिमालय का सौंदर्य -

**संकेत बिंदु** - * आकृति और स्थिति * महानता एवं सौंदर्य * लाभ

15. संगति का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई/बहन को एक पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपनी दिनचर्या का वर्णन करते हुए अपने पिता को एक पत्र लिखिए।

16. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपनी भाषा में लगभग 100 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए




17. दो दोस्तों के बीच फुटबॉल मैच का वार्तालाप लिखिए |

*********************************************************************************